**SATISH SCIENCE ACADEMY**

**DHANORI PUNE-411015**

# HINDI B

## Class 10 - हिंदी ब

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

शाहजहाँ जब मुगल सम्राट हुआ तब उसने निश्चय किया कि राज्य की राजधानी आगरा से पुराने स्थान पर दिल्ली स्थानान्तरित की जाए क्योंकि आगरा की गर्मी से वह परेशान था। उसने यमुना नदी के दाहिने किनारे, जहाँ सलीमगढ़ था शाहजहाँनाबाद नामक नगर की नींव डाली। वह अपने रहने के लिए परकोटे के भीतर एक विशाल भवन बनवाना चाहता था- नगर के भीतर एक नगर। सन् 1638 ई. में उसने लाल रंग का प्रसिद्ध विशाल लाल किला बनवाना प्रारंभ किया, जिसके निर्माण में लगभग दस साल लगे और सन् 1648 ई. में वहाँ राजधानी आई। इस किले के भीतर शाहबुर्ज, रंगमहल, मुमताज महल, दीवाने आम, दीवाने खास, शाह मंडल आदि इमारतें बनाई गई जिनकी देखरेख स्वयं शाहजहाँ ने की। दिल्ली का लाल किला इक्तीस सौ फुट लम्बा और सोलह सौ पचास फीट चौड़ा है और उत्तर से दक्षिण तक फैला हुआ है। ज़मीन की ओर इसकी दीवार अत्यंत मोटी और विशाल है।

1. मुगल साम्राज्य की राजधानी को किसने स्थानान्तरित किया और कहाँ पर किया? (1)
   (क) मुमताज महल ने, दिल्ली
   (ख) अकबर ने, दिल्ली
   (ग) शाहजहाँ ने, दिल्ली
   (घ) शाहजहाँ ने, सलीमगढ़
2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
   **कथन (A):** शाहजहाँ ने राजधानी को आगरा से दिल्ली स्थानांतरित करने का निर्णय लिया और 1638 ई. में लाल किले का निर्माण प्रारंभ किया।
   **कारण (R):** शाहजहाँ आगरा की गर्मी से परेशान था और उसने दिल्ली में एक नया नगर बसाने का निश्चय किया, जिसमें लाल किला भी बनवाना था।
   **विकल्प:**
   (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
   (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   (घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

3. दिल्ली से पहले मुग़ल बादशाह शाहजहाँ की राजधानी कहाँ थी? (1)
   (क) सलीमगढ़
   (ख) शाहजहाँनाबाद
   (ग) दिल्ली
   (घ) आगरा
4. शाहजहाँ ने लाल किले के भीतर कौन-कौन सी इमारते बनवाई?(2)
5. दिल्ली के लाल किले का क्षेत्रफल क्या है? (2)

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

एक किसान के बगीचे में फलों के अनेक पेड़ लगे हुए थे। उनमें रसीले मीठे-मीठे फल लगते थे। किसान बड़ा सीधा सादा था। उसने सोचा कि यह बगीचा तो मेरे श्रम की देन है किन्तु जिस भूमि पर मेरा बगीचा है वह तो ज़मींदार की है। इस तरह इन फलों पर उसका भी हक बनता है। एक दिन वह रसीले फलों की टोकरी भरकर जमींदार को दे आया। ज़मींदार ने जब किसान के बगीचों के फल चखे तो वह दंग रह गया। इतने मीठे व स्वादिष्ट फलों का सेवन उसने आज तक नहीं किया था। उसने सोचा ऐसे मीठे फलों के पेड़ तो मेरे यहाँ होने चाहिए। उसने सेवकों को आदेश दिया कि किसान के यहाँ से पेड़ों की जड़े उखाड़ लाएँ। सभी ने ज़मींदार को समझाने का प्रयास किया किन्तु उस पर लोभ का नशा चढ़ चुका था। उसके सेवक भी कड़े मन से बेचारे किसान के यहाँ से जड़े उखाड़ लाए और ज़मींदार के बगीचे में रोप दीं। ज़मींदार ने माली को सख्त आदेश दिया कि उनका रखरखाव ध्यान से करे। अगली बार वह खुद इन फलों को तोड़कर इनका रसास्वादन करेगा। एक दिन उसने देखा कि जड़े लाख प्रयत्नों के बावजूद मुरझाती जा रही थीं। माली से इसका कारण पूछा तो वह डरते-डरते बोला, 'मालिक क्षमा कीजिएगा, किन्तु यह लोभ का फल है। आपने लोभवश किसान के मीठे फलों की जड़ों को यहाँ लगवा तो लिया है, किन्तु जो जड़े प्रेम, सद्भावना व निःस्वार्थ भावना से वहाँ पनप रही थीं वे अब स्वार्थ के वशीभूत सड़ चुकी हैं।' माली की बात सुनकर ज़मींदार को अपनी गलती का अहसास हो गया।

1. जमींदार ने अपने सेवकों को क्या आदेश दिया? (1)
   (क) किसान के यहाँ से पेड़ों को ही उखाड़ लाएँ
   (ख) किसान के यहाँ से पेड़ों की जड़े उखाड़ लाएँ
   (ग) बगीचे में फलों को तोड़ लायें
   (घ) किसान को बंदी बनाकर ले आयें
2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
   **कथन (A):** ज़मींदार ने किसान के बगीचे के पेड़ों की जड़ें अपने बगीचे में इसलिए लगवाई क्योंकि वह मीठे फलों का लालच करता था।
   **कारण (R):** लोभ के वशीभूत होकर लगाई गई जड़ें पनप नहीं पाई क्योंकि उन्हें प्रेम और निःस्वार्थ भावनाओं की आवश्यकता थी।
   **विकल्प:**
   (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
   (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   (घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
3. किसकी बात सुनकर ज़मींदार को अपनी गलती का अहसास हुआ ? (1)
   (क) माली की बात सुनकर
   (ख) किसान की बात सुनकर
   (ग) पेड़ की बात सुनकर
   (घ) लोगों की बात सुनकर
4. किसान के बगीचे के फलों पर जमींदार का हक कैसे बनता था? (2)
5. जमींदार फल खाकर चकित क्यों रह गया? (2)

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[4]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

i. वह गेंद की तरह लुढ़ककर गिर गया। वाक्य में प्रयुक्त **क्रिया-विशेषण** पदबंध लिखिए।

ii. अपने दोस्त **के साथ** वह चला गया। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

iii. बंगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया। **विशेषण पदबंध** छाँटिये।

iv. **आसमान में उड़ता गुब्बारा** फट गया। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

v. मीठे-मीठे सपने देखने वाले लोग अकर्मण्य होते हैं। वाक्य में **विशेषण पदबंध** ढूँढ कर लिखिए।

4. नीचे लिखें वाक्यों में से **किन्हीं चार** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए- **[4]**

i. अपने को संयत कर उसने बेरुखी के साथ जवाब दिया। (संयुक्त वाक्य)

ii. जीवन में पहिल बारिस तरह में विचलित हुआ हूँ। (मिश्र वाक्य)

iii. तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी (मिश्र वाक्य)।

iv. वामिरो सचेत होकर घर की तरफ दौड़ी। (संयुक्त वाक्य)

v. सुभाष बाबू को पकड़ा और गाड़ी में लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया। (मिश्र वाक्य में)

5. **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **[4]**

i. सामासिक पद और उपसर्ग-प्रत्यययुक्त पद में क्या अंतर है? **[1]**

ii. अव्ययीभाव समास में पूर्व पद और उत्तर पद का महत्व समझाइए। **[1]**

iii. 'विद्युत्मान' शब्द का समास विग्रह करते हुए भेद लिखिए। **[1]**

iv. 'सत्कर्म' शब्द का समास विग्रह करते हुए भेद लिखिए। **[1]**

v. 'नरेश्वर' सामासिक पद का विग्रह कीजिए और भेदों को समझाइए। **[1]**

6. **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **[4]**

i. बार-बार किसी के सामने _________ से अच्छा है कि हम स्वावलंबी बनकर छोटा-मोटा रोज़गार शुरू कर दें। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) **[1]**

ii. सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलाने के बाद भी गरीबों की स्थिति _________ । (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) **[1]**

iii. 'छाती ठोकना' और 'गाल बजाना' में क्या अंतर है? **[1]**

iv. 'गागर में सागर भरना' का वाक्य बनाइए। **[1]**

v. "जोश में होश मत खोना, नहीं तो पछताना पड़ेगा।" इस वाक्य का मुहावरा पहचानें और प्रयोग करें। **[1]**

## खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे-ऐसे सूक्ति-बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति में अपने में न पाता था और उस निराशा में जरा देर के लिए में सोचने लगता- 'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।' मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन उतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे-दो घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। चटपट एक टाइम-टेबिल बना डालता।

i. भाई साहब किस कला में निपुण थे?

क) चित्रकला में | ख) नृत्यकला में
ग) उपदेश कला में | घ) संगीत कला में

ii. लेखक की हिम्मत क्यों टूट जाती थी?

क) कटु और तीक्ष्ण उपदेशरूपी व्यंग्य-बाण सुनकर | ख) पढ़ाई में अरुचि होने के कारण
ग) असफल होने पर | घ) खेल-कूद करने से

iii. निराश होने पर लेखक क्या सोचने लगता?

क) स्कूल जाने के बारे में | ख) सभी विकल्प सही हैं

SATISH SCIENCE ACADEMY

ग) पढ़ने के बारे में | घ) घर जाने के बारे में

iv. गद्यांश में **मैं** शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

क) बड़े भाई साहब के लिए | ख) लेखक के लिए

ग) पाठक के लिए | घ) श्रोता के लिए

v. घंटे-दो घंटे बीत जाने के बाद लेखक क्या करता?

क) जी लगाकर पढ़ता | ख) घर चला जाता

ग) एक टाइम-टेबिल बनाता | घ) निराशा से बाहर होता है

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. बंगाल के नाम पर क्या कलंक था और वह कैसे धुला? 'डायरी का एक पन्ना' नामक पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

ii. चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया? पतझर में टूटी पत्तियाँ (झेन की देन) पाठ के आधार पर बताइए। **[2]**

iii. लेफ्टिनेट व्यक्तिगत स्तर पर वज़ीर अली को बहादुर क्यों मानता था? पठित पाठ कारतूस के आधार पर उत्तर दीजिए। **[2]**

iv. शैलेन्द्र ने राजकपूर और वहीदा रहमान को किस प्रकार सच्चा कलाकार बनाया? **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर-क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

i. रंतिदेव कौन थे?

क) एक दानी राजा | ख) महाराजा

ग) ऋषि | घ) सेनापति

ii. कबूतर को बचाने के लिए राजा शिवि ने क्या किया?

क) इनमें से कोई नहीं | ख) अपना राज्य दान किया

ग) अपना भोजन दान दिया | घ) अपने मांस का दान दिया

iii. किसने अपने कवच-कुंडल दान में दिए?

क) दधीचि ने | ख) रंतिदेव ने

ग) कुंती पुत्र कर्ण ने | घ) राजा शिवि ने

iv. वास्तव में असली मनुष्य किसको माना है?

क) जो दूसरों की चिंता करता है। | ख) जो संसार को त्यागकर तपस्वी बन जाता है।

ग) जो अपने लिए जीता है। | घ) जो परोपकारी भाव रखता है।

v. दधीचि ने समाज के लिए क्या त्याग किया ?

क) अपना ऐश्वर्य | ख) अपने शरीर की हड्डियाँ

ग) अपनी धन संपत्ति | घ) अपना राजपाट

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

i. मीरा के पदों में कृष्ण लीलाओं एवं महिमा के वर्णन का क्या उद्देश्य है? **[2]**

ii. पर्वत तालाब में अपने प्रतिबिम्ब को देखकर क्या सोचते होंगे? कवि ने इसकी क्य कल्पना की है? **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के आधार पर लिखिए। **[2]**

iii. **कर चले हम फ़िदा** गीत में **सर पर कफ़न बाँधना** किस बात का संकेत है? यह कह कर कवि देशवासियों को क्या संदेश देना चाहता है? **[2]**

iv. **आत्मत्राण** कविता की कौन-सी दो बातें आपको बहुत प्रेरित करती हैं और क्यों? अपने शब्दों में लिखिए। **[2]**

## खंड ग - संचयन (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. परिवार की स्वार्थपरता तथा हरिहर काका की उपेक्षा एवं उचित देखरेख न किए जाने के वर्णन को पढ़कर आपके मन पर क्या और कैसा प्रभाव पड़ता है? अपने घर में आप ऐसी स्थिति को कैसे सँभालते? **[3]**

ii. **सपनों के-से दिन** पाठ से लगता है कि तब विद्यालयों में अनुशासन का पालन कठोरता से करवाया जाता था। फिर भी पी.टी. सर पीतमचंद को काम से क्यों निकलवा दिया गया? उन्हें वापस काम पर लौटने में क्या अड़चनें थीं? **[3]**

iii. आपके विचार से मित्रता की कौन-कौन सी कसौटियाँ हो सकती हैं? **टोपी शुक्ला** पाठ के संदर्भ में तीन बिंदु लिखिए। **[3]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[5]**

i. **सफलता की कुंजी : मन की एकाग्रता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- भूमिका
- सतत् अभ्यास
- सफलता की कुंजी

ii. **देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- हमारा देश और संस्कृति
- विदेशी प्रभाव
- परिणाम और सुझाव

iii. **अबला नहीं, सबला है नारी** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

13. आप निशा/निशीथ हैं। विद्यालय में दौड़ अभ्यास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु लगभग 100 शब्दों में प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आप शुचि/शौर्य हैं। आपके मोहल्ले में जल की आपूर्ति बाधित है। जल की सुचारु आपूर्ति के लिए जल बोर्ड निगम अध्यक्ष को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखकर सुधार के लिए आग्रह कीजिए।

14. ग्रीष्मावकाश के दौरान आपके विद्यालय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शारीरिक शिक्षा अध्यापक की ओर से कक्षा **6** से **12** तक सभी छात्राओं को इस शिविर की विस्तृत जानकारी देने हेतु लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

**गणतंत्र दिवस** के अवसर पर आपकी सोसायटी के पार्क में ध्वजारोहण और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी सचिव की ओर से इस जानकारी को लोगों तक पहुँचाने के लिए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

15. स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाज़ार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **[3]**

अथवा

ज्वैलरी शॉप के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए।

16. आप परमजीत कौर/जितेंदर सिंह हैं। आपके मोहल्ले के पार्क में अनपेक्षित व्यक्तियों का जमावड़ा रहता है। जिसके कारण बच्चों को खेलने का स्थान नहीं मिल पाता। इस समस्या के निदान के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। **[5]**

अथवा

SATISH SCIENCE ACADEMY

**नीहारिका अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी की तलाश में थी। एक दिन उसे एक पत्र मिला ....** विषय पर एक लघुकथा लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY